# Page Three Classified

**Adds can be booked under these Categories : (all day publication)**

Recruitment
Property
Business Opportunity
Vehicles
Announcements
Antiques & Collectables
Barter
Books
Computers
Domain Names
Education
Miscellaneous
Entertainment & Event
Hobbies & Interests
Services
Jewellery & Watches
Music
Obituary
Pets & Animals
Retail
Sales & Bargains
Health & Sports
Travel

**Matrimonial (Sunday Only)**



**अब मात्र रु. 20 प्रति शब्द**


# विभागों एवं स्टेकहोल्डरों के साथ मिलकर किया जाय कार्य

**निरीक्षण**

## जिलाधिकारी ने किया स्मार्ट सिटी के कार्यों का निरीक्षण

**संवाददाता**

देहरादून। देहरादून के डीएम व स्मार्ट सिटी के मुख्य कार्यकारी अधिकारी डॉ आर0 राजेश कुमार द्वारा देहरादून स्मार्ट सिटी के सिटी परियोजना के तहत ईसी रोड, राजपुर रोड, गांधी रोड, तिलक रोड एवं जीआईसी खुडबुडा, बालिका जुनियर हाईस्कूल, खुडबुडा स्कूल का स्थलीय निरीक्षण किया गया। मुख्य कार्यकारी अधिकारी द्वारा यह निरीक्षण स्मार्ट सिटी लि के अन्तर्गत चाइल्ड फ्रेन्डली सिटी परियोजना के तहत किया गया एवं मौके पर अधिकारियों को निर्देशित भी किया गया। गांधी रोड पर दर्शन लाल चौक से प्रिंस चौक तक सभी इलेक्ट्रिक पोलों को एक सीध में शिफ्ट किया जाए जिससे कार्यो का निष्पादन करना आसान होगा तथा जनता को असुविधा नहीं होगी। शहर में पेडों की लोपिंग का कार्य वन विभाग के साथ समन्वय बनाकर शीघ्रातिशीघ्र करना सुनिश्चित किया जाए। चाइल्ड फेन्डली परियोजना की डी पी आर पर शासन स्तर से शीघ्र प्राप्त कर टाइम लाइन अनुसार कार्य किया जाये एवं परियोजना में जहॉं भी आवश्यक हो वहां आस पास के स्कूलों के साथ समन्वय स्थापित किया जाये। परियोजना के क्रियान्वयन को शीघ्र करने हेतु सभी संबधित विभागों एवं स्टेकहोल्डरों के साथ मिलकर कार्य किया जाये। पार्किंग में बाधक दीनदयाल पार्क के सामने लगे हुए सूचना बोर्ड को सड़क के एक्सट्रीम एज में शिफ्ट किये जाने के निर्देश दिए गए। परियोजना के क्रियान्वयन के दौरान सड़क में नियमनुसार वेंडिंग जोन भी स्थापित किया जाये। जिलाधिकारी ने यातायात में बाधक साइन बोर्ड एवं विद्युत पोल को संबंधित विभागों के साथ सामान्य कर स्थानांतरित करने के निर्देश दए। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि जो लोग फुटपाथ एवं रोड़ किनारे के लिए रेहड़ी लगाकर अपना रोजगार चला रहे हैं, ऐसे लोगों के लिए माननीय दृष्टिकोण अपनाते हुए नगर निगम से वार्ता कर अपने रोजगार के लिए व्यवस्था कराने के प्रयास किए जाए।



मुख्य कार्यकारी अधिकारी द्वारा परियोजना के अंतर्गत विकसित स्मार्ट स्कूल के निरीक्षण में परियोजना में विकसित की गयी स्मार्ट क्लासेस का कार्य संतोष जनक पाया गया। देहरादून स्मार्ट सिटी लिमिटेड के अंतर्गत चाइल्ड फेन्डली सिटी परियोजना (सीटीस) के अन्तर्गत देहरादून शहर में स्मार्ट रोड के अतिरिक्त 6 कि0मी0 का स्ट्रेच को भी कवर किया जाएगा। चाइल्ड फेन्डली सिटी परियोजना (सीटीस) की डीपीआर तौयार कर ली गयी है।

## न्यूज डायरी

### विधिक जागरूकता अभियान चलाया जाएगा

**संवाददाता** देहरादून। उत्तराखण्ड राज्य जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की सचिव नेहा कुशवाहा ने में अवगत कराया है कि राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण नई दिल्ली द्वारा 02 अक्टूबर से 14 नवम्बर तक अखिल भारतीय विधिक जागरूकता एवं आउटरिच अभियान चलाया जाना है जिस हेतु 02 अक्टूबर को प्रातः 11 बजे से 12 बजे तक एक इवेण्ट भी लांच किया जायेगा।

### हिन्दी में कार्य करने में सक्षम व अनुभव वालों की ही हो न्यायिक पदों पर नियुक्ति

**संवाददाता** देहरादून। उत्तराखंड में न्यायिक कार्य करने वाले आयोग/अधिकरण के अध्यक्ष, सदस्यों तथा आयुक्तों के पद पर हिन्दी में कार्य करने में सक्षम तथा हिन्दी में कार्य करने वालों की ही नियुक्ति करने की सरकार से मांग की गयी है। यह मांग प्रदेश के राज्यपाल, मुख्यमंत्री तथा मुख्य सचिव को ज्ञापन व सुझाव भेजकर माकाक्स द्वारा की गयी है। प्रतिष्ठित समाज सेवी संस्था मौलाना अबुल कलाम आजाद अल्पसंख्यक कल्याण समिति (माकाक्स) की ओर से इसके अध्यक्ष नदीम उद्दीन एडवोकेट द्वारा प्रदेश के राज्यपाल, मुख्यमंत्री, मुख्य सचिव को भेजे गये ज्ञापन/सुझावों में कहा गया है कि उत्तराखंड में सूचना आयोग के मुख्य सूचना आयुक्त व सूचना आयुक्तों तथा राज्य व जिला उपभोक्ता आयोगों तथा उत्तराखंड लोक सेवा अधिकरण सहित विभिन्न आयोगों तथा अधिकरणों में अध्यक्ष व सदस्यों के पद रिक्त हैं और इन्हें शीघ्र भरने के लिये सुप्रीम कोर्ट ने भी कड़े निर्देश दे रखे हैं। इनमें से विभिन्न को भरने की प्रक्रिया भी प्रारंभ की दी गयी है।

### टेक्नो स्पार्क गो फेस्टिव सीजन में जियोएक्सक्लूजसिव ऑफर्स के साथ उपलब्ध

**संवाददाता** देहरादून। ग्लोबल प्रीमियम स्मार्टफोन ब्रैंड, टेक्नो ने आज घोषणा की है कि इसका सबसे लोकप्रिय स्पार्क सीरीज का स्मार्टफोन स्पार्क गो 2021 अब जियो के आकर्षक एक्सक्लूसिव ऑफर्स के साथ उपलब्ध है। बेहतरीन क्वॉलिटी के प्रॉडक्ट्स तलाश कर रहे उपभोक्ताओं के लिए फेस्टिव सीजन में यह सबसे शानदार खरीदारी होगी। "स्टॉप एट नथिंग" की ब्रैंड फिलॉस्फी की तर्ज पर, जिससे टेक्नो के उपभोक्ता केंद्रित नजरिये की झलक मिलती है, रिलायंस जियो के साथ यह सहयोग इस फेस्टिव सीजन में एंट्री–लेवल के स्मार्टफोन यूजर्स की जिंदगी में खुशियां बिखेरने के लिए तैयार है। जियो एक्सक्लूसिव ऑफर के हिस्से के रूप में उपभोक्ता को किफायती कीमत पर प्रॉडक्ट मिलेगा।

## ढाई लाख गांवों में 31 अक्टूबर तक चलेगा स्वच्छ भारत अभियान

**संवाददाता** देहरादून। युवा कार्यक्रम खेल मंत्रालय भारत सरकार के तत्वाधान में देश के सभी 744 जनपदों के ढाई लाख गांवों में 1 अक्टूबर से 31 अक्टूबर तक स्वच्छ भारत अभियान चलाया जाएगा। जिसके तहत देश भर से 75 लाख अवशिष्ट मुख्यतः प्लास्टिक अवशिष्ट/कचरा संग्रह एवं निपटान किया जाएगा।

इसी परिप्रेक्ष्य में आज परियोजना प्रबंधक डीआरडीए विक्रम सिंह की अध्यक्षता में वीडियो कान्फ्रेंसिंग के माध्यम से बैठक आयोजित की गई। बैठक में उन्होंने कहा कि 1 अक्टूबर से 31 अक्टूबर 2021 तक पूरे जनपद में स्वच्छ भारत अभियान चलाया जाएगा जिसके तहत प्रत्येक गांव से प्लास्टिक अवशिष्ट का संग्रहण कर उसका निपटान किया जाएगा। उन्होंने बताया कि इस अभियान के तहत सपूर्ण जनपद को 11000 हजार किलो प्लास्टिक संग्रहण एवं उसके निपटान का लक्ष्य दिया गया है। उन्होंने नगर निगम सहित सभी संबंधित विभागों के अधिकारियों को आपसी समन्वय के साथ इस कार्य में प्रतिभाग करने को कहा। उन्होंने कहा कि इस कार्यक्रम के तहत प्रतिदिन एकत्रित किए गए प्लास्टिक/कचरा का संग्रहण एवं निस्तारण का पूर्ण टाटा बनाते हुए साझा किया जाए। उन्होंने कहा कि एकत्रित होने वाले प्लास्टिक को नगर निगम द्वारा बनाए गए प्लास्टिक संग्रहण में ही संग्रहित किया जाएं। इस कार्य में विभिन्न संगठनों, स्वयं सेवी संस्थाओं, व्यापारिक संगठनों से प्लास्टिक पर प्रतिबंध लगाने तथा इस हेतु जनमानस को भी जागरुक करने के लिए सहयोग की अपेक्षा की।



## खफा बुक्सा जाति के लोगों का कलक्ट्रेट पर धरना प्रदर्शन

**संवाददाता** रुद्रपुर। मकान ध्वस्त करने से खफा गदरपुर के चक्की मोड ग्राम कूल्हा की बुक्सा जाति के लोगों ने कलक्ट्रेट पर धरना प्रदर्शन कर रोष जताया। लोगों ने मुआवजा दिलाने व गदरपुर तहसील के कर्मचारियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग को लेकर अड़ गए हैं। साथ ही चेताया कि जब तक कार्रवाई नहीं होगी, तब तक धरना समाप्त नहीं किया जाएगा। सुरक्षा व्यवस्था बनाए रखने के लिए भारी संख्या में पुलिस कर्मी तैनात हैं। बुक्सा जाति के लोग गुरुवार को कलक्ट्रेट पर पहुंचे तो वहां पहले से मौजूद पंतनगर सीओ व पुलिस कर्मियों ने उन्हें गेट पर ही रोक दिया। इस पर लोग गेट पर धरने पर बैठ गए और शिक्षा मंत्री के खिलाफ नारेबाजी की।

## होटल में मिला आप के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष एसएस कलेर के बेटे का शव

**संवाददाता** देहरादून। आम आदमी पार्टी के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष एसएस कलेर का बेटा देहरादून के जाखन स्थित एक होटल में मृत मिला है। मृतक का नाम सिकंदर कलेर है। सूचना मिलते ही पुलिस में हड़कंप मच गया। आनन–फानन में पुलिस मौके पर पहुंची और शव को पअने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। इस मामले में छानबीन की जा रही है।

होटल स्टाफ के अनुसार बुधवार सिकंदर कमरा नंबर–201 में ठहरा हुआ था। सिकंदर देर रात अपने दोस्तों के साथ बाहर गया हुआ था। जब रात दो बजे लौटा तो उसकी हालत काफी खराब थी। ऐसे में उसका एक दोस्त उसे होटल के बाहर छोड़कर चला गया। पुलिस के अनुसार मृतक सिकंदर कलेर ने बुधवार की शाम को होटल में कमरा लिया था। उसके बाद गुरुवार को जब कमरा नहीं खुला तो होटल स्टाफ ने दूसरी चाबी से कमरा खोला। कमरे के अंदर देखा तो सिकंदर अचेत अवस्था में पड़ा था। वहीं पास में ही उसने वॉमिट भी किया हुआ था। सूचना पर पहुंची पुलिस जांच में जुट गई है।वहीं, फॉरेंसिक टीम भी मौके पर पहुंचकर जांच की। घटना के बाद बड़ी संख्या में आम आदमी पार्टी के कार्यकर्ता होटल पहुंचे थे। शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज गया है।



आप के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष एसएस कलेर के बेटे का फाइल फोटो।

बता दें कि अभी कुछ दिन पहले ही एसएस कलेर ने आम आदमी पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष पद से इस्तीफा दे दिया था। वह अब खटीमा से मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी की सीट से चुनावी मैदान में उतरेंगे। उनके इस्तीफे के बाद आप ने प्रदेश में तीन कार्यकारी अध्यक्ष, चुनाव प्रचार समिति के अध्यक्ष और उपाध्यक्ष की घोषणा भी की थी।

## डीआईटी विश्वविद्यालय में सभी खेल आयोजनों के लिए आधिकारिक लोगो का अनावरण

**संवाददाता** देहरादून। डीआईटी यूनिवर्सिटी देहरादून ने ईएसआई स्पोर्ट्स के साथ साझेदारी में डीआईटी गुलदार्स का लोगो गुरुवार, 30 सितंबर को विश्वविद्यालय परिसर में लॉन्च किया। डीआईटी गुलदार्स अब विश्वविद्यालय की खेल टीम का प्रतिनिधित्व करने के लिए आधिकारिक बैनर होगा। डीआईटी विश्वविद्यालय का हमेशा मानना रहा है कि खेल और फिटनेस छात्रों के जीवन के महत्वपूर्ण घटक हैं। डीआईटी विश्वविद्यालय परिसर उत्कृष्ट खेल सुविधाओं की एक विस्तृत विविधता प्रदान करता है जो छात्रों को यहां रहने के दौरान फिट रहने में मदद करता है। विश्वविद्यालय का स्पोर्टिंग इवेंट स्फूर्ति छात्रों के बीच लोकप्रिय है और जुनून और मजबूत टीम भावना का प्रतीक है। डीआईटी संस्थान में गुलदार्स का अनावरण, इमेजिन, एस्पायर और एचीव के हमारे मूल मूल्यों का पूरक है। ईएसआई विश्वविद्यालय की टीम को तकनीकी जानकारी और प्रायोजन भी प्रदान करेगा।